# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 30 फाल्गुन, 1938 (श0) / 21 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 02**

| | | |
|---|---|---|
| (1) शिक्षा विभाग | .. .. | 02 |
| | कुल योग — | 02 |

प्रधानाध्यापक की नियुक्ति एवं कम्प्यूटर उपलब्ध कराना

19. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मैट्रिक, इंटरमीडिएट की 2017 की परीक्षा के लिये ऑनलाईन फॉर्म भरने का निर्देश स्कूलों को दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 8,280 उच्च विद्यालयों में से मात्र 980 उच्च विद्यालयों में ही कम्प्यूटर उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिस विद्यालय में कम्प्यूटर उपलब्ध नहीं है, वहाँ प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में फॉर्म भरने की वैकल्पिक व्यवस्था का निर्देश बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दिया गया है, जबकि राज्य के 8,280 में से 3,500 स्कूलों में प्रधानाध्यापक ही नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी उच्च विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की नियुक्ति एवं कम्प्यूटर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित करना

20. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विज्ञापन सं0 51/2014 के आलोक में 2002 के पूर्व बेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सहायक प्रधानाध्यपाक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था तथा नेट के साथ पी0एच0डी0 उपाधिधारी अभ्यर्थियों को 5 अंकों का अधिभार देने का निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन के विरुद्ध मेधासूची प्रकाशित करने से पूर्व बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 2262, दिनांक 3 नवम्बर, 2016 द्वारा शिक्षा विभाग से दिनांक 17 नवम्बर, 2016 तक दिशा-निर्देश/मंतव्य माँगा गया परन्तु विभाग द्वारा निर्धारित तिथि तक मंतव्य नहीं दिया गया जिसके कारण बिना अधिभार दिये परीक्षाफल प्रकाशित करने का निर्णय बिहार लोक सेवा आयोग की दिनांक 7 दिसम्बर, 2016 की बैठक में लिया गया और तद्नुरूप परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेट/सेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अधिभार दिये जाने से संबंधित मंतव्य बिहार लोक सेवा आयोग को देकर संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित करने का निर्देश देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पटना :
दिनांक 21 मार्च, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 139-डी0टी0पी0-500